


नवभारत
भोपाल, सोमवार, 27 अप्रैल, 2026


# सूर्यदेव के तीखे तेवरों और लू के थपेड़ों से लोग बेहाल

## उमस भरी गर्मी में कूलर-पंखे हुए बेअसर, स्कूलों की छुट्टियां घोषित, तापमान 43 के पार

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अप्रैल के अंतिम दिनों में जिला भीषण गर्मी और तपन की चपेट में है। रविवार को सूर्यदेव के तीखे तेवरों ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर किया। सुबह से ही सूरज की किरणों में तल्खी महसूस की गई, जो दोपहार होते-होते झुलसाने वाली गर्मी में तब्दील हो गई। तेज धूप और गर्म हवाओं (लू) के कारण लोगों का घरों से निकलना दूभर हो गया है, जिससे शहर की सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा पसरा नजर आया, वहीं दोपहर में हुई हल्की बूंदी बांदी के बाद उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया। जिसके कारण कूलर-पंखे बेअसर होते नजर आए। तो वहीं शादी-विवाह की बड़ी लगन होने के कारण शाम के समय ही विवाह समारोह में रौनक देखी।



दरअसल रविवार को जिले में गर्मी का आलम यह रहा कि दोपहर 12 बजे के बाद शहर के मुख्य मार्गो और बाजारों में आवाजाही सामान्य से काफी कम रही। छुट्टी होने के बाद भी बाजारों में शादी कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों की भीड़ नजर आई। जिससे ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो अघोषित कर्फ्यू लगा हो। लोग आवश्यक कार्यों होने बमुश्कि घरों के बाहर निकलते नजर आए, वह भी पूरी तरह शरीर ढंके हुए दिखे। गर्मी के कारण सबसे ज्यादा परेशानी का सामना दोपहिया वाहन चालकों करना पड़ा, लोग चेहरे को अलमान या गमछे से लपेटकर और आंखों पर चश्मा लाकर लू के थपेड़ों से बचने की जहोजहद करते हुए देख गए।

**तापमान में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी, 43 .5 डिग्री सेल्सियस दर्ज :**
पिछले एक सप्ताह से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। रविवार को को अशोकनगर का अधिकतम तापमान 43.5 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा, जो इस सीजन के उच्चतम स्तरों में से एक है। वहीं, न्यूनतम तापमान भी 27डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन और रात के तापमान में आई इस उछाल ने लोगों की रातों की नींद और दिन का चैन छीन लिया है। गर्मी के कारण कूलर और पंखे भी अब बेअसर साबित हो रहे हैं।

### नर्सरी से कक्षा 8वीं तक अवकाश घोषित

जिले में तापमान में वृद्धि एवं पड़ रही अत्याधिक गर्मी के कारण विद्यार्थियों के स्वास्थ एवं सुरक्षा को ध्यान रखते हुए कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसौदिया द्वारा कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 8वीं तक विद्यार्थीयों की 30 अप्रेल तक छुट्टीया घोषित कर दी है। साथ ही कक्षा 9 से 12वी तक के विद्यार्थियों की कक्षाओं का संचालन पूर्ववत् प्रात: 7:30 बजे से दोपहार 12: 30 बजे तक यथावत् रहेगा। वहीं शौक्षणिक स्टाफ, कार्यरत कर्मचारी प्रात: 7:30 बजे से दोपहार 1: 30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रह कर विद्यालयीन कार्य पूर्ण करेगें।

**स्वास्थ्य पर मंडरा रहा खतरा:**
भीषण गर्मी और लू के चलते स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ने लगी है। जिसके चलते अस्पताल में भी लोगों की भीड़ देखने लगी है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि लोग दोपहर के समय सीधे धूप के संपर्क में आने से बचें। गर्मी के कारण डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और उल्टी-दस्त के मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में अधिक से अधिक पानी पीना चाहिए और तरल पदार्थों जैसे छाछ, पना और नींबू पानी का सेवन करना चाहिए।

**अभी और तपेगा जिला:**
मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने जिले वासियों की चिंता और बढ़ा दी है। विभाग के अनुसार, आने वाले 4 से 5 दिनों में गर्मी का प्रकोप और अधिक बढ़ सकता है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है। आगामी दिनों में गर्म हवाओं की गति बढ़ने की संभावना है। जिससे लू का प्रभाव और अधिक तीढ़ होगा। फिलहाल बूंदी-बांदी से थोड़ी राहत जरूर रहीं, लेकिन बादलों के डेरा जमाने से उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

# अफसर बनने के लिए 973 ने दी परीक्षा

**परीक्षा के लिए शहर में बनाए गए तीन केंद्र**

**कलेक्टर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण**



**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले में रविवार को एमपीपीएससी की परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। इस दौरान एक हजार से ज्यादा अभ्यर्थीयों ने परीक्षा देकर अफसर बनने का सपना सजोया, तो वहीं दो सैंकड़ा से अधिक लोगों ने इस परीक्षा में दिलचस्पी न दिखाते हुए परीक्षा केंद्रों से दूरी बनाई। रविवार को आयोजित परीक्षा के लिए प्रशासन द्वारा बेहत्तर व्यवस्था की गई, जहां दोपहर में परीक्षा होने और अभ्यर्थीयों को सुरक्षा घेरे के बीच में गुजर कर जाने के लिए टेंट लगाए थे। तो वहीं परीक्षा की शर्त अनुसार परीक्षार्थीयों से परीक्षा पूर्व जूते-मौजे निकालवाएं गए। वहीं परीक्षा केंद्रो कलेक्टर सहित अन्य अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

दरअसल राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिनमें शासकीय मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल शंकरपुर टोरिया, शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय तथा शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय शामिल थे। प्रथम पाली में कुल 1185 परीक्षार्थियों में से 973 उपस्थित एवं 212 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में कुल 1185 परीक्षार्थियों में से 968 उपस्थित एवं 217 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं परीक्षा के दौरान कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा जिला मुख्यालय पर आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2026 हेतु परीक्षा केंद्र शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अशोकनगर का निरीक्षण किया गया।



**परीक्षा से पूर्व निकलवाए जूते- मौजे:**
परीक्षा से पूर्व अभ्यर्थीयों को कड़ी सुरक्षा घेरे के बीच से होकर जाना पड़ा। इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा उनके जूते-मौजे, हेयर बेल्ट सहित अन्य सामग्री उतरवाई गई।

## एक नजर में

### आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती पर व्याख्यानमाला आयोजित

**अशोकनगर।** जनपद पंचायत कार्यालय में जन अभियान परिषद द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जी की 1238वीं जन्म जयंती एकात्म पर्व के उपलक्ष्य में एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने शंकराचार्य जी के जीवन दर्शन और भारत को सांस्कृतिक सूत्र में पिरोने के उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता प्रांत प्रमुख अर्चक मंदिर आयाम दीपक मिश्रा, विशिष्ट अतिथि महंत इंद्रदेव दास महाराज उपस्थित रहे। वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ व्याख्याता श्री सिंह यादव ने कहा कि देवभूमि भारत में समय-समय पर महापुरुषों ने जन्म लेकर समाज का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि कैसे आदि गुरु ने अल्पायु में ही आडंबरों का त्याग कर चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की और खंडित भारत को एकात्मवाद के माध्यम से एक सूत्र में बाँधने का कार्य किया। वहीं मुख्य वक्ता दीपक मिश्रा ने कहा कि नर में ही नारायण का भाव जागृत करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने धर्मो रक्षति रक्षिता का मंत्र देते हुए कहा कि जब हम संकल्पबद्ध होकर कार्य करते हैं, तभी समाज और राष्ट्र प्रगति की ओर बढ़ता है।

# अपराधियों के घरों पर पुलिस ने दी देर रात दस्तक

## जिलेभर में कॉम्बिंग गश्त के दौरान 144 वारंटी गिरफ्तार, ढाई सैकड़ा जवानों ने संभाला मोर्चा

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** शनिवार-रविवार की मध्यरात्रि में पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा के निर्देशन में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की गई और पुलिस देर अर्धरात्रि में अपराधियों के घरों पर दस्तक देते हुए उन्हें चैक किया। इस गश्त में करीब ढाई सैंकड़ा से अधिक पुलिस के जवानों द्वारा मोर्चा संभाला गया और गुंडा, बदमाश और हिस्ट्रीशीटरों के घरों पर दस्तक देते हुए उन्हें चैक किया गया। तो वहीं करीब 144 स्थाई बारंटी को गिरफ्तार किया गया।



दरअसल राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशिन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी विवेक शर्मा, एसडीओपी चन्देरी महेश शर्मा एवं एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण जिले के थाना प्रभारी एवं चैकी प्रभारी सहित 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक कॉम्बिंग गश्त की गई। गश्त के दौरन जहां पुलिस द्वारा सम्पूर्ण जिले में 89 स्थाई वारण्टी एवं 55 गिरफ्तारी वारण्टी गिरफ्तार किए तथा 61 लिस्टेड गुंडा बदमाश एवं 46 हिस्ट्रीशीटर चैक किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने बताया गया कि कॉम्बिंग गश्त का मुख्य उद्देश्य असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी और अपराध पर नियंत्रण पाना है। अशोकनगर पुलिस द्वारा आगामी समय में भी असामाजिक तत्वों की गिरफ्तारी हेतु इस प्रकार की प्रभावी कॉम्बिंग गश्त की जावेगी।

# जेल पहुंचा नाबालिग को भगाने वाला आरोपी,बालिका दस्तयाब

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिलेभर में पुलिस कप्तान राजीव मिश्रा के निर्देशन में नाबालिग बालक-बालिकाओं की खोज के लिए मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बहादुरपुर पुलिस ने एक नाबालिग को 33 घंटे में दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त की है, तो वहीं बालिका को ले जाने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।



दरअसल 23 अप्रेल को फरियादी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है तथा किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर भगा ले जाया गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर थाने में मामला दर्ज करते हुए बालिका को खोजबीन शुरू की और बालिका को अशोकनगर रेलवे स्टेशन दस्तयाब किया गया। तो वहीं नाबालिग के कथनों पर आरोपी अजय अहिरवार को गिरफ्तार करते हुए उसे जेल भेजा गया है। इस कार्यवाहीं थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम सिंह यादव, सहायक उप निरीक्षक रामदयाल नंदा, विनोद रघुवंशी, प्रधान आरक्षक सोनू रघुवंशी, आरक्षक राजाराम पाल, महिला आरक्षक प्रतीक्षा रघुवंशी एवं सुगना अहिरवार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पूर्व सांसद डॉ . केपी यादव बने नागरिक आपूर्ति निगम के संचालक,बधाइयां जारी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव को मध्य प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति पर जिले भर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। रविवार को रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा भी उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. जय मंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी प्रदेश प्रतिनिधि डॉक्टर दीपक मिश्रा, डॉक्टर हरवीर सिंह रघुवंशी, उप सभापति राजीव जाट, डॉ. राजकुमार शर्मा, देवेंद्र अग्रवाल, सतीश पाराशर, मनीष जैन संजय श्रीवास्तव विनोद शर्मा आदि ने विशाल पुष्पहार पहनकर, मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।



**डॉ . यादव को लोगों ने दी बधाई :**
मध्य प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड का अध्यक्ष नियुक्त होने का जैसे ही पत्र आया तो शहर सहित जिलेभर के लोगों द्वारा उन्हें सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्म पर बधाई दी गई, तो वहीं कई लोगों ने फोन और प्रत्यक्ष रूप से मिलकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की है। उल्लेखनीय है कि डॉ.केपी यादव कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए थे, तो वहीं भाजपा द्वारा उन्हें गुना लोकसभा सीट पर वर्तमान सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के विरूद्ध मैदान में उतारा था, जहां उन्होंने सिंधिया को पराजित करते हुए जीत हासिल की थी और वह देशभर में सुर्खियों में आए थे।

**वीडियो वायरल:**
पूर्व सांसद डॉ. केपी यादव के निगम अध्यक्ष की नियुक्ति होने के बाद केंद्रीय मंत्री अमित शाह की वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो चली है, जिसमें वह एक कार्यक्रम में डॉ. केपी यादव को धैर्य रखने की बात कहते हुए नजर आए है।

# किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**नवभारत न्यूज**

**शाढ़ौरा।** प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा ने अपने संगठन को विस्तार देते हुए विगत समय में किसान मोर्चा जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है इसी तारतम्य में जिला में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ने जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है इसी क्रम में जिले में प्रदेश अध्यक्षद्वारा जिलाध्यक्ष की सहमति और अनुशंसा पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी को बनाया है पहले श्री रघुवंशी मंडी अध्यक्ष सहित कई पदों पर रह चुके है। तो वहीं श्री रघुवंशी की नियुक्ति होने पर नगर आगमन पर उनका भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा भव्य स्वागत किया गया । इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने एवं इष्ट मित्रों ने श्री रघुवंशी को स्वाफ़ा बांधकर शाल श्रीफल भेंट कर माल्यार्पण किया एवं ढोल नगाड़े और आतिशबाजी चलाकर खुशी जाहिर की और अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मण्डल मंत्री रेखा नामदेव पार्षद ने कहा कि धर्मवीर रघुवंशी पहले से ही कर्मठ व्यक्तित्व के धनी होकर किसान हितैसी स्वभाव रखने वाले हैं क्योंकि इनके पिताजी चौधरी हरनाम सिंह जी भी सभी की सहायता का उद्देश्य रखकर समाज सेवा करते आये हैं। वहीं किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मवीर सिंह रघुवंशी ने कहा कि मैं स्वयं एक किसान हूं और किसानों की समस्याओं को सुलझाने का मेरा सतत प्रयास रहेगा । जिला वासियों ने एवं कृषकों ने उनकी नियुक्ति को एक नई दिशा और एक नई सोच के रूप में स्वीकार कर बधाइयां प्रेषित की हैं ।



# हजारों श्रद्धालुओं ने किए मुनिसंघ के दर्शन

**मुंगावली।** आप यदि किसी मंत्र को सिद्ध कर रहे है तो उस मंत्र से अपने आप को बचाने की भावना नहीं रखना चाहिए, बल्कि यह मानकर करना चाहिए कि भले ही मुझे मौत आ जाए मुझे मंत्र से मतलब है मुझे उससे बचना नहीं महाराज श्री ने अंजन चोर का उदाहरण देते हुए कहा कि उसके सामने मौत थी और वह चोर था मगर उसने भावना रखी कि हमे मंत्र बचने के लिए नहीं बल्कि मरते समय इसका जाप करना है ओर जैसे ही वह नमोकर का जाप किया ओर वह बच गया ऐसे कई कथाएं हमारे शास्त्रों में भरी पड़ी है वही मुनिश्री ने तीन मंदिरों में रविवार को सामूहिक रूप से अभिषेक, शांतिधारा की क्रियाएं संपन्न कराई। इसके अलावा हजारों की संख्या में बाहर के श्रद्धालुओं मुनि संघ के दर्शन करने पहुंचे जिसमें गुना, अशोकनगर, आरोन, बहादुरपुर, पिपरई, सागर, सिरोंज, बीना सहित कई शहरों के लोग पहुंचे और मुनि संघ को श्रीफल भेंट कर मंगल आशीर्वाद लिया।

**मुनिश्री को किया गया श्रीफल भेंट :**
वही रविवार को सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा मुनि संघ को श्रीफल भेंट किया गया,जिसमें सभी समाजजन ने मुनि संघ के आगे सिद्ध चक्र महा मंडल विधान की भावना प्रकट की और कहा कि मुनि श्री समस्त सकल जैन समाज आपके द्वारा तारीख का इंतजार कर रही है।

## कार्यक्रम

### अकोला महाराष्ट्र से आए डिजाइनरों ने सजाई बाबा की गुबंद

# तैयारियां पूर्ण, 153वां तीन दिवसीय उर्स आज से प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत पर 27 अप्रेल से तीन दिवसीय उर्स मुबारक का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत से आज से बच्चों के कार्यक्रम और उर्दू अदब नातिया मुशायरा से की जाएगी। तो वहीं दरगाह का सजानें केलिए अकोला महराष्ट्र के डिजाईनर आए थे, जिन्होंने बाबा की गुंबद को आकर्षक रूप दिया है।



दरअसल दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत के आस्ताने पर बनी गुंबद के इन्टीरियर रिनोवेशन का काम अकोला महाराष्ट्र से आएं डिज़ाइनर समीर शाह ने आकर्षक संजाकर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। गुंबद का आकार लगभग 600 स्कावयर फ़ीट में डिजाइन की गई, गुबंद में राजस्थान महाराष्ट्र और दिल्ली से आया रा मेटेरियल के लगने वाले ग्लास को इस प्रकार डिजाइन किया गया है कि हर ग्लास में दरगाह का अक्श नज़र आ रहा है। लोग बाबा का 27 अप्रैल से लगने वाले तीन दिवसीय उर्स मुबारक में जरुर जियारत करने आए। और इस रिनोवेशन काम में लगने वाले हर ग्लास में दरगाह का अक्श देखें। दरगाह हजरत मखदूम शाह विलायत चंदेरी उर्स कमेटी के सदर सैयद शाहनवाज हास्मी ने बताया कि तीन दिवसीय उर्स की तैयारियां कई दिनों से की जा रहीं थी, जो पूर्ण कर ली गई है और इस मुबारक में अभी से बाहर के दुकानदारों का आना शुरू हो गया है। तीन दिवसीय उर्स में पहले दिन 27 अप्रैल को उर्दू अदब का नातिया मुशायरा और बच्चों के प्रोग्राम होंगे। वहीं 28 अप्रैल को हिंदुस्तान के मशहूर कब्बाल जुनैद सुल्तानी, अदनान नाजा बंबई का मुकाबला होगा और 29 अप्रैल को साकिब अली साबरी फैजाबाद यूपी, रैहान अली मेरठ के बीच कब्बाली का प्रोग्राम होगा। उन्होंने कहां कि 153 वां उर्स बड़े शानौशौकत से मनाया जाएगा। कमेटी के मेम्बर्स वसीम पठान, ओवैश पठान, मोनू रंगरेज, मोहसिन रिहान, कारीगर समीउल इस्लाम, मुजीब अंसारी, हसीन मुजाबर ने उर्स को सफल बनाने की दरख्वास्त अवाम से की है।

# पूर्ण आहूति और भंडारे के साथ यज्ञ संपन्न

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी तहसील के तहत आने वाले ग्राम जारसल चक्क में सिद्ध बाबा की टोरिया कैलाश धाम आश्रम पर विश्व शांति के कल्याण के लिए यज्ञ का आयोजन किया जा रहा था, जहां प्रतिदिन हजारों आहूतियां दी जा रहीं थी। तो वहीं रविवार को यज्ञ के समापन अवसर पर पूर्ण आहूति के साथ महायज्ञ का समापन किया गया। यज्ञ स्थल में संबोधित करते हुए जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू, यज्ञ आचार्य बृजेश चौबे शास्त्री, यज्ञ करता महंत भरत दास व्यास, महंत घनश्याम शरण एवं मुख्य यजमान ने भाव के साथ यज्ञ नारायण की आरती उतारी एवं समस्त देवताओं को विसर्जित किया। पूर्णाहुति के पश्चात क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भोजन प्रसादी कराया गया। वहीं रात्रि के समय कथा व्यास देवमुरारी बापू ने कथा के क्रम में श्री राम के जन्म के प्रमुख पांच कारण बताते हुए कहा कि परमात्मा भक्त के दुख देखकर कभी भी कहीं भी किसी भी रूप में अवतार लेकर भक्तों के कष्ट का हरण करते हैं। जन्म लेकर रावण आदि राक्षसों को मारना उनके लिए बड़ा कार्य नहीं था, पृथ्वी पर मनुष्य को चरित्रवान बनाना और सद्मार्ग का रास्ता दिखाना ही श्री राम का पृथ्वी पर जन्म लेने का मुख्य उद्देश्य था। उन्होंने माता-पिता की आज्ञा पालन कर 4 वर्ष बन जाना यह आदर्श पुत्र के चरित्रों को स्थापित करना ही राम जैसे पुत्र होना दशरथ जैसे पिता के लिए सार्थकता थी।

